भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 03.04.2025

## आरेडिका ने वित्तवर्ष 2024–25 में सर्वाधिक कोच उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में 2025 कोचों का उत्पादन कर अभी तक का सर्वाधिक कोच उत्पादन का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। कोविड–19 के बाद आरेडिका पिछले 2 वर्षों से लगातार कोच उत्पादन के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में एमसीएफ ने 1684 कोच बनाएं थे, यह वित्तीय वर्ष 2022–23 के मुकाबले 16% अधिक था। इसी कडी को आगे बढाते हुए आरेडिका ने वर्ष 2024–25 में रिकॉर्ड 2025 कोच का उत्पादन कर पिछले वर्ष से 20% ज्यादा कोच बनाये। इन 2025 कोचों में विभिन्न प्रकार के कोच हैं जिसमें दीनदयालु के 582 कोच, स्लीपर के 500 कोच, 3टीयर इकोनोमिक के 300 कोच, वातानुकूलित 3टीयर के 276 कोच, जनरल चेयर कार 112, पावर कार 80कोच, 2टीयर के 60 कोच, दिव्यांगजनो  के लिए 46 कोच, मेमू के 20 कोच, तेजस के 21 कोच, पार्सलवैन 14, एसी चेयरकार तथा अन्य 14 कोचों का निर्माण किया गया है।

भारतीय रेल द्वारा रेल यात्रा में आर्थिक रूप से सामान्य व मध्यम वर्ग के यात्रियों को ध्यान में रखते हुए जनरल सीटिंग और स्लीपर श्रेणी के कोचों की संख्या लगातार बढाई जा रही है इसीलिए आरेडिका ने इस वर्ष बनने वाले 2025 कोचों में 1274 कोच  सामान्य जनरल एवं स्लीपर के बनाये जिससे सामान्य व गरीब वर्ग सुविधाजनक एवं आरामदायक यात्रा कर सकें जो कुल उत्पादन का 63% हैं

निर्मित कोचों में 751 एसी कोच तथा 1274 नॉन एसी कोच है जो निर्माण कार्य की दक्षता और गुणवत्ता को दर्शाता है। निर्माण कार्य के अंतर्गत प्रत्येक स्तर पर कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता को बनाए रखने में आरेडिका के विभिन्न विभागों का सामंजस्य रहा है।

वित्तीय वर्ष 2024–25 के दौरान आरेडिका ने दीनदयालु (जनरल कोच) के 582 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष 2023–24 में बने 332 कोच से लगभग 75% अधिक है, स्लीपर के 500 कोचों का निर्माण किया है जो पिछले वर्ष में बने 341 कोच से 47% अधिक है तथा जनरल चेयर कार के 112 कोचों का निर्माण किया है । 3 टीयर एसी एवं इकोनॉमी के 576 कोचों का निर्माण किया जो पिछले वर्ष में बने 511 कोच से 13% अधिक है। दिव्यांगजनों के लिए 46 कोच का निर्माण किया गया जो पिछले वर्ष बने 29 कोच से 59% अधिक है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि रिकॉर्ड उत्पादन का यह लक्ष्य आरेडिका के सभी प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व में टीम एमसीएफ के कोच उत्पादन के प्रति समर्पण की भावना से संभव हुआ है तथा आने वाले वर्ष में आरेडिका में मेमू, वन्देभारत ट्रेन सेट्स का उत्पादन किया जायेगा। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और यूनियनों के प्रतिनिधियों, एवं संविदा कर्मचारियों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

03/4/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी